परिक्षेत्रीय कार्यालय,
परिक्षेत्र बस्ती

प्रेस नोट
दिनांक – 15-09-2025

- **डीआईजी बस्ती द्वारा कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्रान्तर्गत ग्राम उमिला मे लगाया गया जनचौपाल।**
- **लोगों को ड्रोन अफवाहों, मॉब लिंचिंग के प्रति किया गया जागरूक।**
- **रात्रि पैदल गश्त कर कानून-व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था का लिया गया जायजा।**

पुलिस उप महानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र बस्ती श्री संजीव त्यागी द्वारा पुलिस अधीक्षक सन्त कबीरनगर श्री संदीप कुमार मीना के साथ आज दिनांक 15.09.2025 की रात्रि में ग्रामसभा उमिला, चौकी कांटे थाना क्षेत्र खलीलाबाद, जनपद संत कबीर नगर स्थित अपूर्वा इंटर कॉलेज परिसर में जनचौपाल आयोजित कर आमजन से संवाद किया गया। जनचौपाल के दौरान जनता से सीधा संवाद स्थापित करते हुए उनकी समस्याओं को सुना गया तथा त्वरित समाधान का आश्वासन दिया गया।उपस्थित सभी लोगो को ड्रोन संबंधी अफवाहों से सचेत करते हुए जागरूक किया गया तथा उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा लागू “ड्रोन प्रचालन सुरक्षा नीति-2023” के मुख्य बिंदुओं से अवगत कराते हुये बताया गया कि-

- किसी भी व्यक्ति, संस्था अथवा संगठन द्वारा ड्रोन उड़ाने से पूर्व संबंधित थाने में पंजीकरण कराना अनिवार्य है।
- विवाह समारोह, सांस्कृतिक/धार्मिक आयोजन अथवा सोशल मीडिया कंटेंट निर्माण हेतु ड्रोन का उपयोग करने से पूर्व थाना स्तर से अनुमति प्राप्त करना आवश्यक है।
- ड्रोन का अनधिकृत अथवा अवैध उपयोग दण्डनीय अपराध है, जिसके विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी।

डीआईजी बस्ती द्वारा आमजन से अपील किया गया कि-

- किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि, वस्तु अथवा ड्रोन उड़ान की सूचना तत्काल पुलिस को दें।
- चोरी/लूट की घटनाओं की रोकथाम हेतु सतर्क रहें तथा अफवाहों पर ध्यान न दें।
- स्थानीय स्तर पर पुलिस के साथ समन्वय स्थापित कर सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करें।

जनचौपाल के उपरांत डीआईजी बस्ती द्वारा कांटे थाना क्षेत्र खलीलाबाद में रात्रि पैदल गश्त कर क्षेत्र की कानून-व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था का गहन निरीक्षण किया गया। डीआईजी बस्ती द्वारा प्रभारी निरीक्षक कोतवाली खलीलाबाद को थाना क्षेत्र में प्रभावी निगरानी सुनिश्चित करने,रात्रि गश्त को और अधिक सघन बनाकर चेकिंग अभियान चलाने व ड्रोन संबंधी किसी भी सूचना पर तत्काल आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया।

उक्त अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक संतकबीरनगर श्री सुशील कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद श्री अजय सिंह, प्र0नि0 खलीलाबाद कोतवाली श्री पंकज कुमार पाण्डेय व पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी /कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

मीडिया सेल
परिक्षेत्र बस्ती